हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 7 जनवरी 2024

04 स्वच्छ सर्वेक्षण के घोषित रिजल्ट में नगर...



07 एसडीएम बोले-अब खाद्य विभाग की टीम मेरी...





## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2650 | 3601 |
| गेहूं 1544 | 2240 | 3132 |
| चना | 4200 | 5265 |
| मसूर | 5530 | 6141 |
| सोयाबीन | 3270 | 4780 |
| सरसों | 0000 | 0000 |
| धान | 1800 | 4218 |
| उड़द | 5200 | 5200 |
| तेवड़ा | 3900 | 3900 |

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक शाला मृगावली में स्वेटर बांटे

**ग्यारसपुर।** जनपद शिक्षा केंद्र के शासकीय आदर्श प्राथमिक शाला मृगावली में सभी बच्चों को मप्र राज्य कर्मचारी संघ द्वारा स्वेटर बांटे गए। एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड के चलते स्कूल के सभी छात्रों को स्वेटर वितरण की गई। इस दौरान अध्यक्ष हरीसिंह चौहान, उपाध्यक्ष रामबाबू विश्वकर्मा, शंभू सिंह अहिरवार, बलवीर सिंह दांगी, कल्याण सिंह दांगी, भैयालाल अहिरवार, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गणेशराम अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई राम कथा

**हैदरगढ़।** मिडोईया मंदिर के प्रांगण में श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। कथा 12 जनवरी तक दोपहर 12 से 4 बजे तक होगी। शनिवार को कथा के लिए कलश यात्रा निकाली गई। जो बरवाईं के राजमंदिर से हैदरगढ़ राजमंदिर पहुंची। इसके बाद मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल मिडोइया मंदिर पर समापन हुआ। कथा वाचक आराधना देवी के मुखारविंद से कथा सुनाई जा रही है। कलश यात्रा में श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। पंडित शशिकांत महाराज, यज्ञाचार्य नवीन आचार्य ने बताया की 12 जनवरी को कथा का समापन होगा।

### कुपोषित बच्चों को स्वेटर वितरित किए

**विदिशा।** भारत भारती संस्कार जैन मंडल ने शनिवार को जिला अस्पताल में कुपोषित बच्चों को स्वेटर बांटे। मंडल प्रमुख नीता सराफ ने बताया यह पुनीत कार्य मंडल विगत कई और वर्षों से कर रहा है। इस कार्यक्रम में मंडल सदस्यों के अतिरिक्त समाजसेवी भाजपा नेत्री सुमन सोनी एवं श्रीमती स्वाति एवं चिकित्सालय के अन्य सदस्यों के सहयोग का मंडल द्वारा का मंडल द्वारा आभार माना। कार्यक्रम मंडल की सदस्य नीता सराफ विद्युत जैन, सपना जैन, नीतू जैन, संध्या जैन एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### माइक्रो प्लान तैयार कर टीकाकरण कराएं : डीएम

**विदिशा।** शनिवार को एडल्ट बीसीजी टीकाकरण एवं जलवायु परिवर्तन के मानव जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने अमले से कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को किया जाने वाला बीसीजी टीकाकरण का कार्य आपसी समन्वय से करें। माइक्रो प्लान तैयार कर ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र के वार्डों में सर्वे कराकर संबंधित नागरिकों का बीसीजी टीकाकरण किया जाए। साथ ही उन्हें जलवायु परिवर्तन के मानव जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से भी अवगत कराया जाए।

### 100 वर्ष की आयु पूरी कर संपत बाई का निधन

**विदिशा।** ग्राम दीताखेड़ी निवासी ओमप्रकाश उपाध्याय की माता जी श्रीमती संपत बाई का शनिवार को स्वर्गवास हो गया। वह 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी थीं। रविवार को उनकी अंतिम यात्रा सुबह 10 बजे से निज निवास दीताखेड़ी से मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।



### स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भरपूर पैसा दिया जा रहा है पर वेतन के लाले

# आश्वासन मिला, वेतन नहीं: मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने शुरू की हड़ताल

**मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर वेतन नहीं मिलने के कारण शनिवार को हड़ताल पर चले गए। प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने कॉलेज के डीन से वेतन को लेकर बात की तो वह प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को धमकाते नजर आए।**



विदिशा। वेतन की मांग को लेकर मेडिकल कॉलेज के बाहर नारेबाजी कर प्रदर्शन करते डॉक्टर्स।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जूनियर रेजिडेंट, सीनियर रेजिडेंट और इंटर्नशिप करने वाले डॉक्टरों को पिछले चार महीने से वेतन नहीं मिला है, जिसके चलते डॉक्टरों में नाराजगी है। इन डॉक्टरों ने पहले भी प्रदर्शन करके वेतन दिए जाने की मांग की थी। तब प्रबंधन ने जल्द ही वेतन दिए जाने का आश्वासन दिया था लेकिन अब तक वेतन नहीं मिला है। जिसके बाद शनिवार को मेडिकल कॉलेज में जूनियर रेजिडेंट, सीनियर रेजिडेंट और इंटर्नशिप करने वाले डॉक्टरों ने प्रदर्शन किया और जल्द वेतन दिए जाने की मांग को लेकर हड़ताल पर चले गए। डॉक्टरों के हड़ताल पर चले जाने से मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सुविधाओं पर असर पड़ेगा। जब प्रदर्शन कर रहे डॉक्टर मेडिकल कॉलेज के डीन से मिले और अपनी वेतन नहीं मिलने की परेशानी सामने रखी तो डीन उनको धमकाते नजर आए। उनका कहना था वेतन मिलेगा। शासन कहा मना कर रहा है, अब चाहे 6 महीने हो जाए या एक साल। जब डॉक्टरों ने लेबर कोर्ट के नियमों का हवाला दिया तो डीन ने कहा कि यहां प्रदर्शन क्यों कर रहे हो डीन के इस रवैए से डॉक्टरों में खासी नाराजगी है।

#### वेतन नहीं मिलने से आर्थिक स्थिति बिगड़ी

डॉक्टर रवि दिवाकर ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में जूनियर रेसीडेंट, सीनियर रेसीडेंट और इंटर्नशिप करने वाले डाक्टरों को सितम्बर से अभी तक वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गई है। कई लोगों के लोन की किस्त ड्यू हो रही है। हमने इससे पहले भी कॉलेज प्रबंधन को एक ज्ञापन सौंपा था उसके बावजूद अभी तक वेतन नहीं मिला। जिसके कारण हमें मजबूरन हड़ताल पर जाना पड़ रहा है। वहीं मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सुनील नंदेश्वर का कहना है कि कॉलेज में बजट नहीं होने से वेतन नहीं दिया गया। बजट आते ही वेतन दे दिया जाएगा। हड़ताल कर रहे डॉक्टरों को समझाकर उनकी हड़ताल खत्म करवाएंगे।

# डीजे संचालकों ने की साउंड बढ़ाने की मांग, नहीं तो हड़ताल करेंगे

### मांग पूरी न होने पर मंगलवार से हड़ताल की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शनिवार को डीजे संचालक कलेक्टर ऑफिस पहुंचे। जहां पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

शासन के दो साउंड के नियम से हटकर छह साउंड लगाए जाने की अनुमति मांगी है। डीजे संचालक विधायक मुकेश टंडन, कलेक्टर उमाशंकर भार्गव और एसपी दीपक से गुहार लगा चुके हैं। सभी ने शासन के नियमों से हटकर सहयोग करने से इनकार कर दिया। डीजे संचालकों का कहना है कि शासन ने सिर्फ दो साउंड की अनुमति दी है। जबकि इस नियम में कोई भी पार्टी उनकी बुकिंग स्वीकार नहीं कर रही। आर्थिक नुकसान होने के साथ कई डीजे संचालक और उनसे जुड़े परिवार बेरोजगारी की कगार पर खड़े हैं।

डीजे संचालकों ने उनकी मांगे पूरी न होने की सूरत में मंगलवार से हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। प्रदेश सरकार के लाउडस्पीकर पर लगाम लगाने के आदेश के बाद डीजे संचालकों ने नाराजगी है। डीजे संचालक सरकार के फैसले के विरोध कर रहे हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सत्ता संभालते ही लाउडस्पीकर पर लगाम लगाने के आदेश दिए थे।

# न्यूनतम तापमान 14 डिग्री पर पहुंचा शाम होते ही चलने लगती है शीत लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

साल की शुरुआत से ही जिले में सर्दी का सितम देखने को मिल रहा है। शनिवार को भी सुबह से कोहरा छाया रहा। गहरे कोहरे और सर्द हवाओं से मौसम ठंडा बना हुआ है। ठंड से लोगों को रोजमर्रा के काम में दिक्कत आ रही है। जिसके चलते सड़कों पर आवाजाही कम देखने को मिल रही। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से निकल रहे हैं। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान लुढक कर 19 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। वहीं न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रहा। कड़ाके की ठंड की वजह से प्रशासन ने एडवाइजरी भी जारी की है। लोगों को ठंड से बचने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग की माने तो 10 जनवरी तक बारिश के आसार बने हुए हैं, अभी कुछ दिन तेज हवाओं का दौर जारी रहेगा। शीतलहर के बीच छोटे बच्चों को स्कूल जाना पड़ रहा है। हालांकि ठंड के कारण स्कूलों में छोटे बच्चों की संख्या भी कम हो गई है। वहीं ठंड से बचने के लिए फुटपाथ पर रहने वाले लोग आग का सहारा ले रहे हैं।



विदिशा। ठंड से बचने लकड़ियां बीनकर घर ले जाते बच्चे।


# चालानी कार्रवाई पर फोकस, लेकिन अतिक्रमण हटाने कलेक्टर के निर्देश पर नहीं किया अमल

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने यातायात विभाग को दिए थे कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विगत दिनों हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने यातायात विभाग और पुलिस को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन डीएम के निर्देश पर अमला होता दिखाई नहीं दे रहा है। मुख्य बाजार सहित ईदगाह से लेकर पीतलमिल तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण हो चुका है। नवीन न्यायालय के शुरू होते ही यहां गेट पर ही गुमठियां, चाय, पान की दुकानें लग गईं। देहात थाने से लेकर दुर्गानगर चौराहे तक करीब 30 अधिक ठेले लाइन से खड़े हो रहे हैं। मुख्य बाजार में दुकानों का सामान 4-4 फीट तक सड़कों पर रखा हुआ है। पुलिस और यातायात विभाग का फोकस सिर्फ चालानी कार्रवाई करने पर है। कलेक्टर के आदेश के बाद बस स्टैंड की मुख्य सड़क किनारे लगने वाले फल सब्जी के ठेले वालों को हटने के लिए कहा गया था लेकिन वह नहीं माने।

जानबूझकर ऐसे स्थानों से कार्रवाई शुरू की जाती है की विरोध हो, क्योंकि इसके बाद कार्रवाई ठंडे बस्ते की चली जाती है। 15 दिन बीतने के बाद भी कलेक्टर के निर्देश का पालन होता दिखाई नहीं दे रहा है। 20 दिसंबर को हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने अनाउंसमेंट कराकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे।



विदिशा। न्यायालय परिसर के दोनों गेटों के पास हो गया अतिक्रमण।

# हर मतदान केंद्र पर 50 नए मतदाता जोड़ने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के संबंध में जानकारी दी। जिले की पांचों विधानसभाएं विदिशा एवं सागर संसदीय क्षेत्र में शामिल हैं। विदिशा संसदीय क्षेत्र के नाम निर्देशन पत्र रायसेन कलेक्टर लेंगे। सागर संसदीय क्षेत्र के नाम निर्देशन पत्र सागर कलेक्टर लेंगे। विधानसभा चुनाव की तर्ज पर ही लोकसभा चुनाव की सामग्री का वितरण किया जाएगा। लोकसभा निर्वाचन की मतगणना शासकीय आदर्श महाविद्यालय जाफरखेड़ी में जिले की पांचों विधानसभा विदिशा, बासौदा, कुरवाई, सिरोंज, शमशाबाद की मतगणना कार्य विधानसभा के मतगणना कार्य हेतु चिन्हांकित कक्षों में यथा स्थिति अनुसार किया जाएगा। कलेक्टर श्री भार्गव ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के परिणामों की घोषणा संबंधित संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग आफीसर द्वारा की जाएगी। विदिशा जिले की तीन विधानसभा कुरवाई, सिरोंज एवं शमशाबाद के मतों की मतगणना चार्ट सागर संसदीय रिटर्निंग आफीसर को उपलब्ध कराई जाएगी जबकि विदिशा और बासौदा विधानसभा के मतगणना संबंधी चार्ट विदिशा संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग आफीसर रायसेन कलेक्टर को उपलब्ध कराई जाएगी।




विदिशा। लोकसभा चुनाव के संबंध में जानकारी देते कलेक्टर उमाशंकर भार्गव।

#### दलों को मतदाता सूची की प्रतियां उपलब्ध कराईं

पांचों विधानसभाओं के मतदाता सूचियों की एक.एक प्रतियां राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों के पदाधिकारियों को दे दी गई हैं। कलेक्टर भार्गव ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार विदिशा जिले की पांचों विधानसभाओं में कुल 1338 मतदान केन्द्र हैं। जिसमें से शहरी क्षेत्र में 276 व ग्रामीण क्षेत्र में 1062 मतदान केन्द्र हैं।

# छह महीने से बंद छात्रवृत्ति पोर्टल को खुलवाने विद्यार्थी परिषद ने कॉलेज प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

अभाविप कुरवाई के छात्रों ने पिछले 6 माह से बंद छात्रवृत्ति पोर्टल को जल्द चालू कराने आवाज उठाई है।

शनिवार को कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन दिया गया। 6 माह से छात्रवृति का पोर्टल ठप है। जिसके कारण प्रदेश के डेढ़ लाख से अधिक विद्यार्थी छात्रवृत्ति संबधी योजनाएं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी जो छात्रवृत्ति संबंधित योजनाओं के माध्यम से कॉलेज में प्रवेश लेते हैं अब उन विद्यार्थियों को आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। 6 माह से छात्रवृत्ति के पोर्टल बंद होना उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही दर्शाता है। पोस्टमेट्रिक छात्रवृत्ति, आवास भत्ता, गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा। ज्ञापन में मुख्य रूप से नगर मंत्री राज पटेरिया, नगर उपाध्यक्ष वेदांत जैन ,वासु चौबे ,योगेश जैन अभिषेक प्रिंस एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# आपकी दृष्टि में बेतवा नदी विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बेतवा उत्थान समिति के 21 वें स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों में नदियों एवं पर्यावरण जागरूकता को ध्यान में रखते हुए 8 जनवरी सोमवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

सोमवार को सुबह 10 बजे से उत्कृष्ट विद्यालय सांची रोड में कक्षा 9 से 12 एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए आपकी दृष्टि में बेतवा नदी विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समिति अध्यक्ष अतुल शाह उपाध्यक्ष अशोक गोयल, प्रमोद व्यास, सचिव केएन गुप्ता, सह-सचिव हितेन्द्र सिंह रघुवंशी, कोषाध्यक्ष सुशील अग्रवाल, संचालक इंजी सीएल गोयल, नीलकंठ पंडित, आरके कुलश्रेष्ठ, अरविंद द्विवेदी, ओमप्रकाश पाटोदिया, जीएस चौहान, राजकुमार अग्रवाल, जितेन्द्र दुबे ने शासकीय अशासकीय संस्थाओं से अनुरोध किया है कि प्रत्येक स्कूल से 5-5 विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सहभागी बनाएं। सभी प्रतिभागियों को 12 जनवरी शुक्रवार दोपहर 3 बजे बेतवा उत्थान समिति की वार्षिक आमसभा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### कोरोना में हुई पिता की मृत्यु, मां ने प्राइवेट स्कूल में नौकरी कर बेटों को ऊंचाईयों तक पहुंचाया

# उत्तर कोरिया में होने वाली ताइक्वांडों प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा विदिशा का बेटा शुभ

**परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के बावजूद भी शुभ की मां ने खूब मेहनत की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शांति निकेतन स्कूल के छात्र शुभ यादव ने 67 वी राष्ट्रीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अंडर 19 वेट कैटिगरी - 59 कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतकर विदिशा शहर का नाम रोशन किया है।

शुभ का चयन अंतरराष्ट्रीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है जो उत्तर कोरिया में होगी। जहां शुभ यादव भारत की जर्सी पहनकर देश का प्रतिनिधित्व करेगा। आज हम आपको विदिशा निवासी शुभ यादव की कहानी बताने जा रहे हैं। अगर आप इनके जज्बे और हौसले की कहानी जानेंगे तो आप भी सलाम करेंगे। आपको बता दें कि शुभ यादव ने बहुत कम उम्र में ही बहुत सी कठिनाइयां देखी हैं परंतु उन्होंने कभी भी हार नहीं मानी और अपनी मंजिल पाने के लिए वह निरंतर प्रयास करते रहे। कोविड-19 के दौरान उनके पिता की अचानक ही मृत्यु हो गई थी।

पहले से ही उनका परिवार बहुत ज्यादा गरीबी में था परंतु पिता की मृत्यु के बाद परिवार के ऊपर मुश्किलें और ज्यादा बढ़ गई थीं। अगर किसी परिवार का मुख्य सदस्य इस दुनिया को छोड़ कर चला जाता है तो उस परिवार पर क्या गुजरती है, यह उससे ज्यादा और कोई नहीं जान सकता। जब शुभ के पिताजी इस दुनिया को छोड़ कर चले गए तब बाद में उनकी मां रीना यादव ने बेटे की जिम्मेदारी संभाली। इस परिवार आर्थिक स्थिति ठीक न होने के बावजूद भी शुभ की मां ने खूब मेहनत की। एक प्राइवेट स्कूल में अध्यापक की नौकरी करके अपने बेटे को पढ़ाया। आखिर में उनके द्वारा की गई मेहनत रंग लाई।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2535
उच्चतम भाव-2682
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2330
उच्चतम भाव-2940
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2396
उच्चतम भाव-2460
चना
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-5426
मसूर
न्यूनतम भाव-4750
उच्चतम भाव-6027
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-4752
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4280
उच्चतम भाव-4335
सरसों
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-5192
उड़द
न्यूनतम भाव-2001
उच्चतम भाव-7000
धान
न्यूनतम भाव-1440
उच्चतम भाव-4221
ज्वार
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-5400
धना
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-5800
अलसी
न्यूनतम भाव-4530
उच्चतम भाव-4600

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 4025 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### नेत्र शिविर में हुई 170 मरीजों की जांच

**गंजबासौदा।** सद्गुरु विजन सेंटर पर डॉक्टर राजकरण वर्मा ने 170 मरीज के नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बताए और उनसे अनुरोध किया। इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुनील बाबू पिंगले, दिलीप देसाई सहित अन्य नागरिक गण उपस्थित थे। नेत्र शिविर में 75 लोगों को दवाइयां का वितरण किया गया, वहीं 35 से अधिक मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित किए गए जिन्हे आगामी मंगलवार को ऑपरेशन के लिए आनंदपुर भेजा जाएगा।

### निजी खर्चे पर खोली गौशाला

**गंजबासौदा।** ग्राम रोजरू में ग्रामीणों द्वारा अपने निजी खर्चे से गौशाला खोली गई है। कमल कुशवाहा का कहना है कि आए दिन पशुओं का हाईवे किनारे एक्सीडेंट हो जाता है, वह अब एक्सीडेंट से बचेंगे सभी ग्रामीणों की मदद से यह कार्य पूरा हुआ है। भूसा से लेकर चारे की व्यवस्था ग्रामीण कर रहे हैं। ग्राम के कमल वंशकार, वसीम खां, नसीम खान, कमल सिंह कुशवाह, कमल लाल वंशकार सहित अन्य ग्रामवासी गायों की रात दिन सेवा कर रहे हैं।

## बासौदा की ए टीम कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता...



**गंजबासौदा।** नवीन बस स्टैंड पर चल रहे श्री रामलीला मेला में खेल प्रतियोगिताओं के दौरान शनिवार के दिन कबड्डी का रोमांचक मैच खेला गया। जिसमें बासौदा ए टीम विजयी रही। वहीं उपविजेता टीम कमलदीप एकेडमी रही। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव प्रमुख रूप से मौजूद थी। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव के अलावा मेला समिति अध्यक्ष सुनील साहू ने भी मेला की गतिविधियों का जायजा लिया। रविवार के दिन खेल परिसर में खो-खो प्रतियोगिता करीब 19 टीमों के बीच आयोजित की जाएगी। शनिवार के दिन इन मैचों के रेफरी धर्मेंद्र जैन, अमित शर्मा डेजी, कपिल गौड़ रहे। संचालन आशीष दुबे द्वारा किया गया। कई दर्शकों ने खिलाड़ियों को इनाम स्वरूप नगद राशि भी दी। छाया: राजा छारी।

### स्वच्छ सर्वेक्षण में 400 नंबर, एक स्टार रेटिंग व ओडीएफ प्लस प्लस के 600 नंबर प्राप्त किए

# स्वच्छ सर्वेक्षण के घोषित रिजल्ट में नगरपालिका ने एक स्टार प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का रिजल्ट प्रथम चरण का घोषित किया गया है। जिसमें नगर पालिका द्वारा स्टार रेटिंग में एक स्टार प्राप्त किया गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण में 400 नंबर एक स्टार रेटिंग के प्राप्त किए गए तथा ओडीएफ प्लस प्लस के 600 नंबर प्राप्त किए गए हैं। इसी तरह डॉक्युमेंटेशन के कार्य के 1000 अंक प्राप्त कर लिए गए हैं। यहां उल्लेखनीय है कि नगर पालिका विगत तीन वर्षों से स्टार रेटिंग के लिए प्रयासरत थी।

नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के अथक प्रयासों से अपनी व्यवस्थाओं एवं संसाधनों को बढ़ाया गया और स्वास्थ्य शाखा की सभापति ज्योति पिंकू महाराज के सहयोग से इस लक्ष्य को प्राप्त किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन शर्मा तथा परिषद के समस्त पार्षद गणों सहित नगर पालिका की पूरी टीम ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपने-अपने स्तर पर सहयोग प्रदान किया एवं इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। आगामी आने वाली 11 जनवरी को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का संपूर्ण रिजल्ट घोषित किया जाएगा। जिसमें नगर पालिका गंज बासौदा उच्च श्रेणी एवं सम्मान जनक रैंक प्राप्त करेगी, ऐसा विश्वास है एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अच्छी रैंक प्राप्त करने के लिए अपनी पूरी ताकत एवं संसाधनों का उपयोग करेगी। इस स्वच्छता रैंक में स्वच्छ भारत मिशन में संलग्न सभी अधिकारी जिसमें स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा, स्वच्छता निरीक्षक जावेद खान तथा नपा परिषद के समस्त मैट, दरोगा, सफाई मित्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। नगर पालिका के स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी सहज तेनगुरिया और उनके सहयोगी दिनेश बाल्मिकी द्वारा पूरे वर्ष भर स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारी को अंजाम दिया गया। जिससे नगर पालिका गंजबासौदा इस लक्ष्य को प्राप्त करने में कामयाब रही। नपाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने नगरवासियों के सहयोग के लिए आभार माना है।




# छात्रवृत्ति की समस्या को लेकर विद्यार्थी परिषद ने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई द्वारा उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के नाम संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मणि मोहन मेहता को ज्ञापन दिया गया। जिसमें कहा गया है कि अभाविप छात्रवृत्ति संबधी समस्या पर आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता है। विगत 6 माह से छात्रवृति का पोर्टल ठप होने के कारण प्रदेश के डेढ़ लाख से अधिक विद्यार्थी छात्रवृत्ति संबधी विभिन्न प्रकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे है। पोस्टमेट्रिक छात्रवृत्ति, आवास भत्ता, गाँव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना का लाभ मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का विद्यार्थी जो छात्रवृत्ति संबधित योजनाओं के माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश लेते है अब उन विद्यार्थियों को आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला संयोजक शुभेंद्र सिंह राजपूत द्वारा बताया गया कि संबल, पोस्टमेट्रिक जैसी छात्रवृत्ति योजनाओं के सहारे ही उच्च शिक्षा में विद्यार्थी वर्ग का नामांकन प्रतिशत प्रति वर्ष बढ़ता है। ऐसे में 6 माह से छात्रवृत्ति के पोर्टल बंद होना उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही दर्शाता है। बजट व तकनीकी खराबी का हवाला देते हुए विद्यार्थियों को नकार दिया जाता है जिस कारण व्यवस्थाओं के प्रति विद्यार्थी समुदाय का विश्वास भी घटता जा रहा है। अभाविप यह मांग करती है कि छात्रहित में निर्णय कर तत्काल प्रभाव से छात्रवृत्ति के सभी पोर्टल प्रारंभ करें व गत वर्ष की लंबित छात्रवृत्ति का लाभ भी अति शीघ्र विद्यार्थी को प्रदान करें। ऐसा करने से हजारों गरीब माध्यम वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा पाने अवसर मिल पाएगा। ज्ञापन में नगर उपाध्यक्ष अक्षत श्रीवास्तव, महाविद्यालय प्रमुख धर्मेंद्र गुर्जर, गौरव दांगी, विष्णु वैभव, विकास शर्मा, संकित जैन सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# नगर में निकला पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर इकाई द्वारा नगर के मुख्य मार्गों से गुणवत्ता संचलन निकाला गया। पथ संचलन में स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्र भक्ति गीत की थाप पर कदम से कदम मिलते हुए गीत गाते हुए संचलन निकाला गया। संचलन राधाकृष्ण पुरम से प्रारंभ होकर बरेठ रोड, स्टेशन रोड, मिल रोड से होते हुए तारण तरण जैन पाठशाला पहुंचा। जहां उसका समापन हुआ।

# भगवान राम का विवाह हुआ, निकली बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवीन बस स्टैंड स्थित रामलीला मेले में अयोध्या से आई जानकी आदर्श रामलीला मंडल द्वारा आकर्षक लीला का मंचन किया जा रहा है। शनिवार को रामलीला में भगवान राम के विवाह का मंचन किया गया ।

इस अवसर पर पंडाल में राम बरात लगाई गई। धूमधाम से हुए राम विवाह को देखने सेकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ आयोजन स्थल पर लगी रही। लोगों ने पांडाल से गुजरते समय बारात का स्वागत किया। लोगों ने आरती उतारकर प्रभु की पूजा अर्चना की। रामलीला मंचन मे प्रभु श्रीराम ने शिव धनुष तोड़कर सीता स्वयंवर जनक दुलारी का वरण किया। इसके बाद राजा जनक के बुलाबे पर राजा दशरथ अपने पुत्रों की बारात लेकर मिथला नगरी पहुचते हैं। इस दौरान पांडाल में राम बारात निकाली गई। बारात में राम लक्ष्मण सहित चारों भाइयों के अलावा राधा कृष्ण शिव-पार्वती की आकर्षक झांकिया सजाई गई। वहीं रामलीला में राम विवाह के दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान जय श्रीराम के जयकारे भी लगते रहे।



## शकुंतला देवी का निधन



**गंजबासौदा।** शनिवार को सतीश, राजू, कपिल गुप्ता की माताजी एवं यश, संकल्प गुप्ता की दादी एवं मुकेश सिंह राजपूत की सासू मां, देशांत सिंह की नानी शकुंतला देवी का स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा रविवार को सुबह 10 बजे निज निवास स्थान बहलोट बायपास से पाराशरी विश्राम घाट को निकाली जाएगी।

## योग हमारे दिमाग और शरीर दोनों की बीमारियों को दूर करता है : शर्मा



**गंजबासौदा।** राज्य योग आयोग के दिशा-निर्देशन जिला शिक्षा अधिकारी जीपी राठी के मार्गदर्शन में विकासखंड के समस्त हाईस्कूल, हायर सेकंडरी से एक महिला एक पुरुष शिक्षकों का पांच दिवसीय योग फाऊंडेशन कोर्स का प्रारंभ शासकीय उत्कृष्ट उमाविद्यालय के प्राचार्य एमसी शर्मा ने इनडोर हाल मे मां सरस्वती की पूजन अर्चन कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा योग के अनगिनत फायदे हैं, इसका नियमित अभ्यास करने पर आपको राहत मिलेगी, क्योंकि यह हमारे दिमाग और शरीर से बीमारियों को दूर रखता है। इसके अलावा, जब हम कई आसन और मुद्राओं का अभ्यास करते हैं, तो यह हमारे शरीर को मजबूत बनाता है और हमें स्वस्थता का एहसास कराता है। विकासखंड खेल अधिकारी स्वतंत्र कुमार जैन ने कहा योग हमारे दिमाग को तेज करने और हमारी बुद्धि को बेहतर बनाने में मदद करता है। विकास खंड योग प्रभारी सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा योग हमें पहले की तरह प्रकृति से जोड़ता है और हमारे सामाजिक कल्याण को बढ़ाता है। इसके अलावा, यदि नियमित रूप से अभ्यास किया जाए तो आप योग से आत्म-अनुशासन और आत्म-जागरूकता विकसित कर सकते हैं। योग प्रशिक्षक यामिनी स्वर्णकार ने बताया योग लगातार करने पर आपको शक्ति का एहसास होगा और आपको किसी भी समस्या से मुक्त स्वस्थ जीवन जीने में मदद मिलेगी। योग शास्त्र मे राष्ट्रीय चैम्पियन एवं नगर की योग प्रशिक्षक आराधना विश्वकर्मा ने बताया 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है जबकि 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती पर सूर्य नमस्कार का सामूहिक अभ्यास करते हैं।

## वेदांत आश्रम में श्रीराम कथा का छटवा दिन

# 'श्रीराम कथा आदर्श पथ पर चलने की प्रेरणा देती है'






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


वेदांत आश्रम में समायोजित विराट शतचंडी महायज्ञ व श्री राम कथा के षष्टम दिवस में जगद्गुरु अनंतानंद द्वाराचार्य स्वामी डॉ. रामकमल दास वेदांती महाराज ने बताया कि श्री राम कथा युगों युगों से मनुष्य को आदर्श पथ पर चलने की प्रेरणा देती आई है। मनुष्य का जीवन जिन आदर्शों पर चलकर सफल होता है वह सारे आदर्श श्री राम कथा से ही प्राप्त होते हैं। अपने आराध्य इष्ट देव में जो श्रद्धा होनी चाहिए उनके आदर्श भगवान शिव ने अपनी लीला में दर्शाया है। श्री राम पर संदेह करने वाली अपनी प्राण प्रिय पत्नी सती का भी उन्होंने त्याग कर दिया किंतु श्री सती जी के उत्कृष्ट चरित्र में भी हमें बहुत अच्छी शिक्षाएं प्राप्त होती है। एक श्रेष्ठ पत्नी वही है जो अपने पति का कहीं अपमान ना होने दे। स्त्री को ऐसी जगह व ऐसे समय में नहीं जाना चाहिए जहां उसके पति को अपमानित किया जाता हो।

भगवती सती भगवान शिव के बार-बार समझाने पर भी अपने पिता दक्ष के यज्ञ में गई किंतु जब उन्होंने यज्ञ में अपने पति शिव का अपमान देखा तो उन्होंने अपने पिता व परिवार का ही त्याग नहीं किया, अपितु अपने शरीर को ही योगाग्नि द्वारा समाप्त कर दिया। यह कथा हमें अपने आराध्य के प्रति निष्ठा को मजबूत करने की प्रेरणा देती है। इस कथा के प्रसंग में स्वामी ने कहा हमारे हिंदू संस्कृति में पांच तत्वों की पूजा की जाती है। जिसमें पृथ्वी जल तेज वायु व आकाश गिने जाते हैं। ईश्वर की आराधना करने वाले कभी धरती में विषैली खाद डालकर पृथ्वी तत्व को नष्ट नहीं करते।

वृक्ष अनादि काल से मनुष्यों के आश्रय दाता रहे हैं, उनकी छाया में हम विश्राम और उनकी लकड़ी से हम अपना घर तो बनाते ही हैं, अपितु उन वृक्षों के द्वारा दिए गए मधुर फल हमारी शारीरिक शक्ति को भी बढ़ाते हैं। ऐसे वृक्षों को काटना भी भारतीय संस्कृति के अनुसार बहुत बड़ा पाप है। यदि किसी विशिष्ट कारण वश में हमें कोई वृक्ष काटना ही पड़े तो उसके बदले में हमें 10 और वृक्ष लगाने चाहिए। श्रीराम कथा में भगवान शिव सदैव वट वृक्ष के नीचे बैठकर ही भजन करते हैं। वटवृक्ष को आध्यात्मिक दृष्टि से विश्वास का प्रतीक माना गया है।

भगवान शिव की जो अपने आराध्य में निष्ठा थी उनके अनुसार उन्होंने अपनी पत्नी को तो छोड़ दिया किंतु ईश्वर को नहीं छोड़ा। सती के वियोग में भगवान शिव सती जी के मृत शरीर को अपने कंधे पर धारण कर विभिन्न तीर्थों की यात्रा करने लगे। उस समय उनकी आंखों से जो अश्रु बिन्दु टपके वे रुद्राक्ष के रूप में धरती से पैदा हुए। तीर्थ यात्रा काल में सती के शरीर के विभिन्न अंग जहां-जहां गिरे उन उन स्थानों पर 52 शक्तिपीठों की स्थापना हो गई। महत्वपूर्ण लोग मरने के बाद में भी पूजनीय बने रहते हैं। हमें भी उनके पवित्र आचरणों से प्रेरणा लेकर ऐसा जीवन जीना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियां आपके आदर्शों को ग्रहण कर युगों युगों तक आपकी पूजा करें।

# विहिप द्वारा किया जा रहा अक्षत वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विश्व हिन्दू परिषद के देश व्यापी हिन्दू परिवार संपर्क एवं अक्षत वितरण अभियान ने गति पकड़ ली है। विहिप के बैनर पर संघ विचार परिवार के कार्यकर्ता भारी उत्साह के साथ घर घर जाकर संपर्क कर रहे हैं। शहरी क्षेत्र में तो अभियान अंतिम चरण में है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में सतत संपर्क चल रहा है। अभियान के तहत कार्यकर्ता ग्राम ग्राम, मोहल्ला मोहल्ला में प्रत्येक हिन्दू परिवार तक जाकर अयोध्या के पूजित अक्षत, प्रस्तावित राम मंदिर का चित्र और आग्रह पत्र सौंपकर हिन्दू समाज से 22 जनवरी को अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा समारोह वाले दिन अपने घर की साज सज्जा करने, रंगोली बनाने एवं रात्रि के समय दीपमालिका जलाने का आग्रह कर रहे हैं। साथ ही अपने पास के किसी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाईव देखने एवं रामधुन, भजन कीर्तन इत्यादि करने का भी आग्रह कर रहे हैं। इस भव्य उत्सव के प्रति जनसमुदाय में भारी उत्साह है। संपर्क की टोलियां भी नये नये नवाचार कर रहीं हैं। त्योंदा क्षेत्र के ग्रामांचलों में संत यात्रा के माध्यम से संपर्क हुआ वहीं गंज बासौदा की कई बस्तियों में ढोलक की थाप तो कहीं ढोल नगाड़े और शंख ध्वनि के साथ संपर्क चल रहा है। वहीं हिन्दू समाज भी इन पूजित अक्षतों को पाकर स्वयं को धन्य मान रहा है।

# कॉलेज चलो अभियान के तहत प्रवेश लेने विद्यार्थियों को किया गया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मणि मोहन मेहता के मार्गदर्शन में कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत 12वीं पास विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए सुभाष निकेतन हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य एवं छात्रों से संपर्क किया गया। स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सत्र प्रक्रिया हेतु कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र, छात्राओं को प्रवेश प्रक्रिया संबधित तथा महाविद्यालय में संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं, नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 नई शिक्षा नई उडान एवं कला वर्ग, बीएससी बायो और गणित, कम्प्यूटर साइंस की जानकारी अभिषेक सिंह, मनीष दुबे द्वारा प्रदान की गई एवं छात्र, छात्राओं को अवगत कराया गया कि अपने साथियों एवं परिचितों को प्रवेश प्रक्रिया के बारे में अवगत कराएं। जिससे शासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होकर प्रवेश ले और योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

## खाद्य विभाग की टीम व व्यापारियों के विवाद ने पकड़ा तूल, व्यापारी कर रहे हैं जांच की मांग

**खाद्य विभाग की व्यवस्थाओं से व्यापारी हुए मुक्त, प्रत्येक व्यापारी में हर्ष की लहर**

# एसडीएम बोले-अब खाद्य विभाग की टीम मेरी परमिशन के बगैर जांच करने नहीं जाएगी

### *जब भी शहर में खाद्य विभाग की कार्यवाही होगी तो टीम के साथ वरिष्ठ अधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहेगें: एसडीएम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शहर में एक दिन पूर्व खाद्य विभाग की टीम द्वारा बगैर प्रषासन के सहयोग से किराना व्यापारी की दुकानो पर जाकर देर रात्रि में सैंपल लेने की कार्यवाही की। इस पर व्यापारियों व खाद्य विभाग की टीम में विवाद हो गया और यह विवाद का मामला पुलिस थाने पहुच गया था। वही विवाद के बाद किराना व्यापारी एसडीएम हर्षल चौधरी के पास पहुचें और व्यापारियों ने खाद्य विभाग की सहायक निरीक्षण किरण श्रीवास्तव एंव उनके सहयोगी संदीप वर्मा के खिलाफ राषि की मांग एंव हमेषा व्यापारियों को सैंपल के नाम पर परेषान करने को लेकर एक ज्ञापन सौपा।

इस मामले को लेकर हरिभूमि ने 6 जनवरी को समाचार प्रकाषित किया जिसका शीर्षक सैंपल लेने देर रात आई खाद्य विभाग की टीम,विवाद के बाद मामला पहुंचा थाने। इसके बाद



स्थानीय प्रषासन हरकत में आया और एसडीएम हर्षल चौधरी ने इस मामलें को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कलेक्टर से चर्चा की।

**बगैर एसडीएम की परमीषन के खाद्य विभाग की टीम नही ले पाएगी सैंपल :** व्यापारी व खाद्य विभाग की टीम के विवाद के बाद एसडीएम हर्षल चौधरी भी खाद्य विभाग की इस कार्यवाही से नाराज नजर आए। उल्लेखनीय है कि सहायक खाद्य अधिकारी श्रीमति किरण श्रीवास्तव व उनके सहयोगी संदीप वर्मा के खिलाफ कई षिकायते एसडीएम को प्राप्त हो चुकी थी। वही व्यापारियों वाला मामला काफी गंभीर था जिस कारण एसडीएम ने भी इस चीज को माना कि खाद्य विभाग की टीम को बगैर मेरी परमीषन के शहर में किसी व्यापारी की दुकान पर कार्यवाही करने के लिए नही जाना चाहिए था। कलेक्टर से चर्चा उपरांत एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि अब जब भी कभी खाद्य विभाग की टीम आएगी तो सबसे पहले एसडीएम कार्यालय पहुचकर एसडीएम से दिषा निर्देष लेगी और हम उक्त टीम के साथ वरिष्ठ अधिकारी व पुलिसकर्मी को साथ भेजेगें। इससे पारदर्षाता से जांच होगी

### किराना, मिठाई व मावा व्यापारियों के चेहरे पर झलकी खुशी

*सिरोंज के किराना,मिठाई,मावा,मेडिकल सहित अन्य खाद्य सामग्री का विक्रय करने वाले व्यापारियों ने एसडीएम हर्षल चौधरी के उक्त निर्णय का स्वागत किया। वही अब खाद्य विभाग की टीम अब सीधे व्यापारियों के दुकानों पर सैंपल लेने व कार्यवाही करने के लिए नही पहुच पाएगी। क्योंकि मावा व मिठाई व्यापारी बडें परेषान थे कि विभाग की टीम द्वारा सैंपल के नाम पर दो दो किलों मिठाईयां पैक करा ली जाती थी और सबसे ज्यादा मावा व्यापारी खुष हुए क्योंकि मावे का विक्रय करने वाले व्यापारी काफी छोटे स्तर पर व्यापार करते है उनका व्यापार भी दो से पांच रूपये के मुनाफे से चलता है। वही किराना व्यापारियों में अत्यंत खुषी है कि प्रत्येक माह खाद्य विभाग की टीम के लिए जो व्यवस्था करनी पड़ती थी अब एसडीएम की दखलअंदाजी से व्यापारी भी व्यवस्थाओं से मुक्त हो गए।*

### आक्रोशित व्यापारियों ने की जांच की मांग

*किराना व्यापारियों पर खाद्य विभाग टीम द्वारा की जो झूठी एफआईआर कराई गई है। उक्त एफआईआर को समाप्त करना चाहिए। वही किराना व्यापारियों का कहना है कि हम भी खाद्य विभाग की टीम के अधिकारियों की पुलिस थाने में रिर्पोट करेगें। टीम ने दुकान में अंदर आकर लूट की है जब टीम रात्री 9 बजें दुकान में अंदर आई तो टीम का कोई ड्रेस कोड नही था और न ही टीम के अधिकारियों के गलें में कोई आईडी कार्ड लटका था और न ही कलेक्टर व स्थानीय एसडीएम का कोई पत्र टीम के पास था। वही टीम के साथ न तो कोई स्थानीय अधिकारी व पुलिसकर्मी साथ थें। वही व्यापारियों का कहना है कि जो रात्रि के समय टीम जांच के लिए आई थी वह टीम तो जांच के नाम पर व्यापारी से मोटी रकम लेने और व्यापारी को लूटने आई थी।*

### मनवानी फिल्म्स का डांस सिंगिंग, फैशन शो का ऑडिशन

**सागर।** मनवानी फिल्म्स सिन्धु संस्कार के तत्वाधान में आयोजित एक शाम प्रतिभाओ के नाम 2024 नववर्ष सेलीब्रेट जिसमे डांस, सिंगिंग, फैशन शो प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह 14 जनवरी दिन रविवार को रविंद्र भवन के सभागार में होगा। कार्यक्रम सहयोगी डॉ. सुरेशचंद्र रावत, प्रमेन्द्र रिछारिया, सतीश पाठक, सुरेश मोहनानी, अनिल जसवानी, मनोज जैन, चंद्रकांत भाई पटेल ने बताया कि 7 जनवरी को दीपक होटल सिविल लाइन में दोप 12 बजे से शाम 5 बजे तक ऑडिशन होंगे जो प्रतिभागी चयनित होंगे केवल वो ही मंच पर परफॉर्मेंस दे सकेंगे । कार्यक्रम 14 जनवरी दिन रविवार को रविंद्र भवन के सभागार में होगा । इसमें लगभग नए प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है। कार्यक्रम का सञ्चालन एड.महेश नेमा, रवि टांक, प्रतीक्षा पाठक करेंगे।

# अभिभाषक संघ सिरोंज के चुनाव में अधिवक्ता कपिल त्यागी की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शनिवार को अभिभाषक संघ सिरोंज के प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव सम्पन्न हुए। जिसमें वरिष्ठ अभिभाषक एडवोकेट कपिल त्यागी ने भारी



मतों से तीसरी बार एतेहासिक विजय प्राप्त की। न्यायालय परिसर स्थित अभिभाषक संघ कक्ष में अभिभाषक संघ के वार्षिक चुनाव के लिए प्रातः 11 बजें से मतदान शुरू हुआ जो कि दोपहर 3 बजें तक चला। वार्षिक चुनाव के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाष शर्मा एवं सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश शर्मा,अरविंद सोनी ने चुनाव सम्पन्न कराए।

इस अवसर पर अभिभाषक संघ के चुनाव सहायक रिटर्निग ऑफिसर एडवोकेट प्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को अभिभाषक संघ के लिए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान हुआ जिसमें एडवोकेट कपिल त्यागी को 89 वोट प्राप्त हुए तो वही उनके प्रतिद्वंदी एडवोकेट शोएब खान को 7 मत प्राप्त हुए। साथ ही उपाध्यक्ष पर के लिए एडवोकेट राजेष श्रीवास्तव ने 66 मत प्राप्त



कर विजय प्राप्त की तो वही उनके प्रतिद्वंदी एडवोकेट राजू साहू को 33 मत प्राप्त हुए।

#### वैलिड पेपर से संपन्न कराए गए चुनाव

वर्ष 2024 के अभिभाषक संघ सिरोंज के वार्षिक चुनाव में पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी की तीसरी बार ऐतिहासिक जीत हुई। वही मतगणना स्थल से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार एडवोकेट शोएब खान मतगणना के दौरान अनुपस्थित रहे। उनके प्रस्तावक मुस्ताक खान गोरी के समक्ष मतगणना की कार्यवाही की गई। साथ ही अध्यक्ष पद के तीन मत पत्र निरस्त किए गए और यह चुनाव वैलिड पेपर से संपन्न कराए गए। चुनाव से पूर्व में ही सचिव एडवोकेट पियूष चौरसिया, सह सचिव एडवोकेट अख्तर खान एवं कोषाअध्यक्ष रितेश अग्रवाल,मीडिया प्रभारी एडवोकेट अशोक शर्मा को निर्विरोध चुने गया। अभिभाषक संघ सिरोंज की नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी,उपाध्यक्ष एडवोकेट राजेश श्रीवास्तव,सचिव पियूष चौरसिया,सह सचिव



अख्तर खान,कोषाध्यक्ष रितेश अग्रवाल,मीडिया प्रभारी अशोक शर्मा एडवोकेट को नियुक्त किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ अभिभाषक एडवोकेट अवध नारायण श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, अशोक शर्मा,सचिन शर्मा, घनश्याम त्यागी, प्रकाश शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, रामस्वरूप यादव, नीरज श्रीवास्तव, श्री राम दांगी, कृष्ण नंद शमा, अजय शर्मा, दीपेश राजपूत, जाहिद खान, अमित रघुवंशी, मनोहर रघुवंशी सहित संघ के अन्य सदस्यों ने फूल माला पहनकर स्वागत कर बधाई दी।

### भारतीय किसान संघ का सदस्यता अभियान जारी

**बरेली।** भारतीय किसान संघ का बरेली तहसील के ग्रामों में पहुंच कर सदस्य बनाने का अभियान जारी बना हुआ है। रायसेन जिले में एक सवा लाख भारतीय किसान संघ के सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। संगठन की प्रत्येक तीन वर्ष में सदस्यता की जाती है। किसान संघ का सदस्यता अभियान 15 दिसम्बर से शुरू होकर 15 जनवरी तक जारी रहेगा। इसी के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य शेर सिंह चौधरी को रसीद काट कर सदस्य बनाया गया।

### आयोजन संपन्न

**सागर।** अपैक्स बैंक संभागीय शाखा सागर में ग्राहक मिलन समोराह का आयोजन शिवेन्द्र देव पाण्डेय, संयुक्त आयुक्त सहकारिता के मुख्य आतिथ्य में किया गया ।

# स्वास्थ्य मंत्री पटेल ने सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने अचानक सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया। पटेल का अपने विधानसभा क्षेत्र के किसी अस्पताल का पहला दौरा निरीक्षण था। स्वा. राज्यमंत्री पटेल ने अस्पताल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। भर्ती मरीजों से हाल चाल पूछा।

सिविल अस्पताल की स्वच्छता का भी निरीक्षण किया। अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के साथ गुणवत्ता को भी चैक किया। जिस भारी संख्या में सिविल अस्पताल में मरीज आते हैं। उसको देखते हुए सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की कमी देखने मिली। डॉ.



हेमन्त यादव ने रिक्त डॉक्टरों के पदों की बात स्वास्थ्य राज्यमंत्री के समक्ष रखी। प्रदेश के स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल ने कहा कि मेडीकल कॉलेज खुल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आयुष्मान कार्ड योजना से 5 लाख के उपचार की सुविधा दी है। शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के साथ डॉक्टरों की कमी पूरी करने का प्रयास करेंगे। केन्द्र राज्य सरकार की निःशुल्क स्वा. योजनाओं का अधिकाधिक लाभ मिले इसका प्रयास किया जाएगा। सिविल अस्पताल निरीक्षण के दौरान नपं. अध्यक्ष हेमंत चौधरी, एसडीएम संतोष मुदगल, प्रभारी बीएमओ हेमन्त यादव के साथ स्टाफ की उपस्थिति रही।

# यात्रा पहुंची ग्राम पंचायत लायरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

कुरवाई, शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत लायरा में पहुंची। जिसमें क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह सप्रे सम्मिलित हुए और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को उपस्थित ग्रामीणों को शपथ दिलाई।

यात्रा में जनपद अध्यक्ष महाराज सिंह डाबरी जनपद उपाध्यक्ष हरनेश यादव, पूर्व मार्केटिंग सोसायटी के अध्यक्ष हरि सिंह चौहान, शासकीय महाविद्यालय जन भागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी, विधानसभा प्रभारी विनोद जैन उपस्थित रहे। लायरा के युवा कार्यकर्ताओं ने एक बड़ी माला से उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। यात्रा में सम्मिलित ग्रामीण और उसके ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को संबोधित करते हुए विधायक सप्रे ने कहा कि




हमने अपने पिछले कार्यकाल में इस क्षेत्र को जितनी ज्यादा विकास की सौगातें हो सकती है दिलाई है और आगे भी दिलाते रहेंगे। अब आप लोगों की बारी है देने की आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में आप लोग पार्टी का सहयोग करें और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूती प्रदान करें। यात्रा में संजय जैन लायरा, हरि नारायण विश्वकर्मा, जनपद सदस्य विनय लोधी, हनीफ इकोदा,रधुवीर लोधी, जफर खान सरपंच बासौदा, महेंद्र राजपूत, शिवरतन लोधी लोधी, वीर सिंह लोधी, खेमचंद लोधी, पहाड़ सिंह राजपूत, हजारीलाल हटे सिंह लोधी आदि शामिल रहे।

### 22 जनवरी को अपने घर व मंदिर को सजाने का आग्रह कर रहे स्वयंसेवक

**पिपलधार।** अयोध्या से आए अक्षत, भगवान श्री राम जी की तस्वीर एवं पत्रक को श्री राम जी के भक्तों के द्वारा घर घर वितरण किया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता भजन कीर्तन करने वाले नागरिकों के साथ घर घर जाकर भगवान श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के अक्षत दे रहे हैं। वहीं हिन्दू समाज के लोग श्री राम टोली का भव्य स्वागत भी कर रहे हैं। 22 जनवरी को अपने घर एवं मंदिरों को दीपावली की तरह सजाने का आग्रह कर रहे हैं। प्रत्येक मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम करने के लिए निवेदन कर रहे हैं। 22 जनवरी के बाद सभी राम भक्त दर्शन के लिए अयोध्या जा सकेंगे, लेकिन तब तक अपने निवास स्थान को अयोध्या जैसा सजाएंगे।

### मध्यान्ह भोजन के बिलों के भुगतान के एवज में रिश्वत लेने वाली आरोपी को 3 वर्ष का कारावास

**सागर ।** मध्यान्ह भोजन के बिलो के भुगतान की ऐवज में रिश्वत लेने वाली आरोपी कीर्ति जैन को विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, सागर म.प्र आलोक मिश्रा की अदालत ने दोषी करार देते हुये भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की घारा-7 के अंतर्गत 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दस हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। मामले की पैरवी प्रभारी उप-संचालक (अभियोजन) धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी लक्ष्मी प्रसाद कुर्मी ने की। घटना संक्षिप्त में इस प्रकार है 27फरवरी 2020 को आवेदक हीरालाल चौरसिया ने पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त सागर को सम्बोधित करते हुये एक शिकायत/आवेदन इस आशय का दिया कि फरियादिया ग्राम सहजपुर में 03 आंगनबाड़ी केन्द्रों का मध्यान्ह भोजन समूह लक्ष्मी बचत समूह चलाती है व समूह की अध्यक्ष है, जब उक्त समूह के फरवरी माह बिल भुगतान हेतु अभियुक्त से मिली, तो अभियुक्त ने 5 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। वह अभियुक्त को रिश्वत नहीं देना चाहती थी, बल्कि रंगे हाथ पकड़वाना चाहती है। जिस कारण उसने अभियुक्त के विरुद्ध लोकायुक्त कार्यालय, सागर में शिकायत के लिये आवेदक हीरालाल चौरसिया को लिखित सहमति देकर कार्यवाही करने हेतु अधिकृत किया। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक, वि. पु.स्था. लोकायुक्त कार्यालय, सागर ने उक्त आवेदन पर अग्रिम कार्यवाही हेतु निरीक्षक मंजू सिंह को अधिकृत किया। आवेदन में वर्णित तथ्यों के सत्यापन हेतु एक डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर दिया गया इसके संचालन का तरीका बताया गया, अभियुक्त से रिश्वत मांग वार्ता रिकॉर्ड करने हेतु निर्देशित किया तत्पश्चात आवेदक द्वारा मॉग वार्ता रिकार्ड की गई एवं अन्य तकनीकि कार्यवाहियॉ की गई एवं ट्रेप कार्यवाही आयोजित की गई । नियत दिनॉक को आवेदक द्वारा अभियुक्त को राशि दी गई व आवेदक का इशारा मिलने पर ट्रेपदल ने मौके पर पहुंचकर अभियुक्त को घेरे में लिया। आवेदक से रिश्वत राशि के संबंध में पूछा, तो उसने अभियुक्त द्वारा उससे रिश्वत राशि हाथ में लेकर अपने साथ में लिये काले रंग के पिट्ठू बैग में रख लेना बताया, अभियुक्त से पूछे जाने पर उसने भी ऐसा ही बताया। उक्त आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेख किये गये, घटना स्थल का नक्षा मौका तैयार किया गया अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित कर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की घारा- 7, का अपराध आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

# सिंघोरी अभ्यारण्य की सुरक्षा में सेंध, कट गई सागौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

सिंघोरी अभ्यारण का निर्माण बाड़ी, बम्होरी रेंज को मिलाकर किया गया। अभ्यारण में अनेक प्रजाति के वन्य प्राणी निवास करते हैं।

अभ्यारण में वन्य प्राणियों की विभिन्न व्यवस्थाओं पर करोड़ों की राशि खर्च की गई। तालाबों का निर्माण कराया गया परंतु आर्थिक अनिमित्ताओं के कारण अधिकांश तालाब पानी विहीन बने रहते हैं। दशकों बीत गए परंतु अभी तक अभ्यारण की बाउंड्री बाल या तार फैसिंग नहीं हुई, जिससे अभ्यारण के सैकड़ों हिरण, जंगली सुअर मैदानी क्षेत्र में आकर फसलों को भारी नुकसान पहुंचाते हैं। अभ्यारण की बाड़ी, बम्होरी रेंजो से बेशकीमती उम्दा किस्म के सागौन का जंगल लगभग साफ हो चुका है।

**सागौन परिवहन में वाहनों का उपयोग:** सिंघोरी अभ्यारण में दर्जनों स्थानों पर नाके, चौकियां बनी हुई है। इसके बाद भी बेरोकटोक दो पहिया, चार पहिया वाहनों का आवागमन होता रहता है। वन्य प्राणियों एवं जंगल की सुरक्षा की जिन पर जिम्मेदारी है, वह जंगल में कम बाड़ी, बम्होरी रेंज आफिस और अभ्यारण अधीक्षक कार्यालय के आसपास अधिक दिखलाई देते है। जिसका लाभ उठा कर सागौन माफिया सूने जंगलो में सागौन ही नहीं अन्य प्रजाति के हरे भरे वृक्षों पर कुल्हाडी चलाने सक्रिय बने रहते हैं। अभ्यारण क्षेत्र से



अवैध सागौन कटाई, परिवहन छोटे-चार पहिया वाहन और दो पहिया वाहनों का जमकर उपयोग किया जा रहा है। कभी कभार वन विभाग द्वारा ऐसे वाहनों को पकड़ने जब्त करने की कार्रवाई भी की जाती है। इसके बाद भी छोटे वाहनों से सागौन, चरपट परिवहन का सिलसिला नहीं थम रहा है। **अभ्यारण क्षेत्र में अवैध खेती:** सिंघोरी अभ्यारण बाड़ी, बम्होरी रेंजो में सागौन की अवैध कटाई परिवहन के बाद बचे ढूढों को जलाने उखाड़ने के बाद उन्हें खेतो के रूप में बदलने का कार्य लंबे अरसे से चल रहा है। अभ्यारण क्षैत्र में सैकड़ों एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा, अवैध खेती की भरमार बनी हुई है। अभ्यारण क्षेत्र में बसे ग्रामों का विस्थापन न होने से भारी संख्या में वाहनों का आवागमन होने से वाहनों में छिपा कर सागौन परिवहन का भी व्यापार चलता रहता है। जंगल में मोर नाचा किसने देखा की दर्ज पर अभ्यारण में विभिन्न निर्माण, सुरक्षा कार्य की स्थिति रहने से धीरे-धीरे सागौन जंगल कर्ज से वीरान हो रहे हैं।

# लायंस क्लब ने जरूरतमंदों को कंबल बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

लायंस क्लब के पदाधिकारियों, सदस्यों ने कडाके की सर्दी प्रकोप से बचने के लिए 52 जरूरतमंद लोगो को कम्बल (ब्लेंकेट) का वितरण किया गया। बताया कि शीत प्रकोप से बचने के लिए जरूरतमंदो के लिए कम्बल बांटने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

लायंस क्लब की साधारण सभा की बैठक में सदस्यों, पदाधिकारियों द्वारा सेवा कार्यो की जानकारी दी गई। बताया कि 7 जनवरी रविवार को डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल की सिटी ब्रांच में नैत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भोपाल के नैत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. गजेन्द्र चावला, डॉ. नेहा विजलानी की टीम द्वारा परीक्षण उपचार किया



जाएगा। कार्यक्रम में दिलीप धारीवाल, लायन अध्यक्ष वीरेन्द्र वर्मा, सचिव अंजली जैन, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी, पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र ठाकुर, कौशलेन्द्र रघुवंशी, दिशा जैन, पुष्पा धारीवाल, यशपाल रघुवंशी, मुकेश प्रजापति इत्यादि की उपस्थिति रही।

## अवैध उत्खनन रोकने के साथ दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

# अवैध रूप से चल रहे उत्खनन रोकने गए डिप्टी रेंजर पर 'माफियाओं' ने किया जानलेवा हमला





### कलेक्टर ने एसपी और डीएफओ के साथ पहुंचकर घटना स्थल का किया निरीक्षण

*कलेक्टर अरविंद दुबे, एसपी विकास शहवाल तथा डीएफओ विजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम हकीमखेड़ी में घटना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अवैध उत्खनन को सख्ती के साथ रोकने के साथ ही उत्खननकर्ताओं द्वारा परिवहन हेतु बनाए मार्गों को नष्ट करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि रायसेन तहसील के ग्राम हकीमखेड़ी में अवैध उत्खनन रोकने गए डिप्टी रेंजर लाल सिंह पूर्वी तथा उनकी टीम पर अवैध उत्खननकर्ताओं द्वारा धारदार हथियारों से हमला किया गया, जिसमें डिप्टी रेंजर लाल सिंह पूर्वी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पहले उपचार के लिए जिला रायसेन अस्पताल में भर्ती कराया गया यहां से उन्हें भोपाल रेफर कर दिया गया, जिनका एम्स भोपाल में उपचार हो रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रायसेन से 25 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम हकीमखेड़ी में लंबे समय से अवैध उत्खनन का कार्य जोरों पर चल रहा है, जिसे रोकने के लिए शनिवार को रायसेन वन विभाग की टीम दलबल के साथ ग्राम हकीमखेड़ी अवैध उत्खनन स्थल पर पहुंची, जहां उत्खनन माफिया को रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान अवैध उत्खनन माफिया के लोगों ने वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें डिप्टी रेंजर लाल सिंह पूर्वी बुरी तरह से घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल रायसेन में भर्ती कराया है।

### घायल डिप्टी रेंजर जिला अस्पताल में हुए भर्ती कलेक्टर-एसपी रेंजर को देखने अस्पताल पहुंचे



डिप्टी रेंजर के ऊपर जानलेवा हमले की खबर सुनते ही कलेक्टर अरविंद दुबे एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार साहवाल जिला अस्पताल पहुंचे और घायल डिप्टी रेंजर का डॉक्टर से हाल-चाल पूछत एवं उपचार के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि ग्राम हकीम खेड़ी में लंबे समय से अवैध रूप से वन भूमि पर अवैध उत्खनन माफिया द्वारा किया जा रहा है जिस पर अभी तक प्रभावी कार्रवाई कोई नहीं कर पाया जैसे तैसे वन विभाग के डिप्टी रेंजर पूर्वी ने हिम्मत जुटाई तो उन पर उत्खनन माफिया द्वारा जानलेवा हमला कर दिया। इससे प्रतीत होता है कि अवैध उत्खनन माफिया के हौसले बुलंद है और वन विभाग की भूमि पर जहां देखो वहां अवैध रूप से लाखों रुपए मूल का उत्खनन माफिया द्वारा किया जा रहा है।

वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने कोतवाली पुलिस में उत्खनन माफिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अभी तक किसी प्रकार की गिरफ्तारी मामले में नहीं की है। वन विभाग की टीम पर हुए हमले से वन विभाग के अधिकारी भी सहमे हुए हैं। आखिरकार इस क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे व्यापक स्तर पर अवैध उत्खनन करने वाले माफिया के लोगों पर को शीघ्र गिरफ्तार कर कार्यवाही की जाए।

इस क्षेत्र में जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी और खनिज विभाग के अधिकारी तथा वन विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से टीम बनाकर अगर उत्खनन करने वाले माफिया पर कार्रवाई करें, तो व्यापक स्तर पर मामला उजागर होकर सामने आ सकता है। लंबे समय से इस क्षेत्र में वन भूमि पर अवैध रूप से उत्खनन होता आ रहा है।

# अपात्र शिक्षकों की भर्ती पात्र अधिकार से वंचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी।

अपने कार्यों से हमेशा विवादों में रहने वाले प्राचार्य एक बार फिर सुर्खियों में आ गए। अबकी बार मामला अपात्र अतिथि शिक्षकों को रखने का है। बताया जा रहा है कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मामले की जाँच की जा रही है।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य अपने उल-जलूल कार्यों से हमेशा से विवादों में भरे रहे हैं। पूर्व में उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य कार्यकाल में इन पर भ्रष्टाचार एवं गंभीर आर्थिक अनियमितता के कई आरोप लगे है।

एक मामला तो विद्यालय की महिला शिक्षिका से अभद्र व्यवहार करने तथा बाद में मारपीट का हुआ था। महिला शिक्षिका ने प्राचार्य पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। मामला पुलिस तक पहुंच गया था। परेशान होकर उक्त महिला शिक्षिका ने अपना तबादला करा लिया। संकुल प्राचार्य होने से शाला निरीक्षण के नाम पर जेब गरम करने की भी कई शिकायतें चर्चाओं में है। इसी प्रकार शालेय छात्र से असभ्य व्यवहार को लेकर भी प्राचार्य की काफी छिछालेदार हुई थी यह मामला भी पुलिस थाने तक पहुंचा था।

हाल ही में आरटीआई के माध्यम से प्रकाश में आया है। लगता है प्राचार्य ने जैब गरम कर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों को खूंटी पर टांग दिया। मामले में प्राचार्य ने अपात्र अतिथि शिक्षकों की भर्ती कर ली, जबकि कई पात्र एवं उच्च अंक प्राप्त शिक्षकों को अधिकार से वंचित कर दिया। पात्रों की शिकायत पर लोक शिक्षण संचालनालय ने अपने पत्र क्रमांक/स्था-1/सर्त/सी-1/ 352/रायसेन/2023/28, दिनांक 03/01/2024 जारी कर अपात्र शिक्षकों को तत्काल कार्य मुक्त कर पात्र शिक्षकों को यथावत कार्यभार सौंपने के निर्देश दिए है।

इस संबंध में पालन प्रतिवेदन भी तलब किया है। अपनी हरकतों से हमेशा विवादों में रहने वाले प्राचार्य को कन्या शाला में पदस्थ किया गया है। उक्त प्राचार्य के कार्यकाल की सूक्ष्म जांच की जाए तो कई भ्रष्टाचार उजागर हो सकेंगे।

# डोलाघाट हनुमान मंदिर पर चल रही भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

डोलाघाट हनुमान मंदिर कूल्हाड़िया पर चल रही भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्म उत्सव के विषय में बताया गया। ग्रामवासियों के तत्वावधान ग्राम कूल्हाड़िया के डोलाघाट हनुमान मंदिर के प्रांगण श्री भागवत कथा ज्ञान गंगा मे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कथा में जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग आया पूरा पंडाल हाथी घोडा पालकी जय कन्हैयालाल के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बाल स्वरूप श्रीकृष्ण के दर्शन किए। साध्वी राधिका कुमारी ने श्रीकृष्ण प्रसंग सुनाते हुए कृष्ण की बाल लीला का वर्णन करते हुए कहा कि कंस के अत्याचारों के कारण ही उसने अभिमान और अनितिपूर्वक राज करने के लिए अपने पिता उग्रसेन को बंदी बना लिया था।

आकाशवाणी से अपनी भावी मृत्यु का संकेत पाकर उसने अपनी बहन देवकी और बहनोई वासुदेव को बंदी बनाकर कारागार मे डाल दिया। वहां एक-एक कर उनके छह पुत्रों की हत्या कर दी। सातवें गर्भ में खुद शेषनाग के आने पर योग माया ने उनके देवकी के गर्भ से निकाल कर वासुदेव की पहली पत्नी रोहणी के गर्भ मे स्थापित कर दिया। भगवान ने आठवी संतान के रूप मे जन्म लिया। इस दौरान बालकृष्ण को कंस के कारागार से नंद बाबा के घर ले जाने की झांकी भी प्रस्तुत की गई।

### राज्य मंत्री ने भर्ती मरीजों से ली उपचार संबंधी जानकारी, देखीं व्यवस्थाएं

# लोक स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने बरेली सिविल अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शनिवार को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने बरेली सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। स्वास्थ्य राज्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र के अस्पताल का उनका यह पहला दौरा था। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही भर्ती मरीजों से संवाद कर स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली।

अस्पताल में प्रत्येक वार्ड में जाकर स्वच्छता का निरीक्षण किया। अस्पताल में स्वच्छता और व्यवस्थाओं को देखकर राज्यमंत्री ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर हेमंत यादव सहित अस्पताल प्रबंधन की प्रशंसा की। वहीं अस्पताल भवन में तीसरी मंजिल पर चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता की स्वयं जांच की गई। निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री श्री पटेल को बीएमओ ने बताया कि सिविल अस्पताल बरेली में प्रतिदिन हजारो की संख्या में मरीज आते है, जिसके दृष्टिगत यहां डॉक्टर्स और स्टॉफ की संख्या में वृद्धि आवश्यक है। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि मरीजों को बेहतर और त्वरित उपचार मिले, इसके लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जाएगीं।



राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार की निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक आमजन तक पहुंचे, इसका निरंतर प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ राज्यमंत्री ने लोगों से केन्द्र सरकार और मप्र सरकार सरकार की स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं, सुविधाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर उपचार और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का बाड़ी में किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का नगर के अटवाल रिजॉर्ट पर जोधा सिंह अटवाल ने परिवारजन के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सह संयोजक निकाय प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश जोधा सिंह अटवाल ने नगर की जन समस्याओं से राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल को अवगत कराया। श्री पटेल ने भी जन समस्याओं का निवारण जल्द से जल्द होने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर सरबजीत सिंह अटवाल, जस्सी अटवाल, गुरिंदर सिंह अटवाल, रंजीत गौर ,मनोज शर्मा, प्रकाश साहू, सुरूर अहमद, गुलफाम अख्तर, मसरूर अहमद, लकी अटवाल, अमन बैरागी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# स्वच्छता को लेकर व्यापारियों की कार्यशाला

### उद्देश्य : सर्वेक्षण 2024 में बेहतर अंक लाने व निकाय को उच्च स्तर पर पहुंचाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुल्तानपुर

नगर परिषद सुल्तानपुर द्वारा नवाचार करते हुए नगर के समस्त व्यापारियों की कार्यशाला का आयोजन ग्लोबल एकेडमी हाई सेकेंडरी स्कूल में किया गया जिसमें नगर के लगभग 500 व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में निकाय के समस्त छोटे-बड़े व्यापारी हाथ ठेला चालकों को भी आमंत्रित किया गया था।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सबसे ज्यादा सर्वेक्षण 2024 में बेहतर अंक लाने एवं निकाय को उच्च स्तर पर पहुंचाने का था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राजीव अग्रवाल, नप अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी हेमराज मीणा कार्यक्रम में उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजीव अग्रवाल, नप अध्यक्ष श्रीमति लक्ष्मी हेमराज मीना के साथ सभी पार्षद बंधुओं एवं मंचासीन अतिथियों का स्वागत पुष्प मालाओं से सीएमओ अशोक केथल एवं निकाय के शोभित श्रीवास्तव, अयोध्या प्रसाद, लक्ष्मण गौर, योगेश शर्मा द्वारा किया। कार्यक्रम के शुभारंभ उद्बोधन में नगर पालिका अधिकारी द्वारा व्यापारियों से स्वच्छता के प्रति संवेदनशील रहने की अपील की गई।

कार्यक्रम को स्वच्छता प्रभारी योगेश शर्मा, लक्ष्मण गौर, व्यापारी महासंघ सुल्तानपुर के अध्यक्ष ब्रजभूषण राय, पूर्व नप अध्यक्ष कन्हैया लाल गौर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष एवं वर्तमान पार्षद कमलेश राजपाल, विधायक प्रतिनिधि हेमराज मीणा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। विधायक प्रतिनिधि एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमराज मीणा द्वारा व्यापारियों को अपनी दुकान के सामने साफ सफाई रखने एवं अनावश्यक रूप से अतिक्रमण न करने की बात कही, जिससे कि नगर में स्वच्छता बनाई जा सके।

वहीं मुख्य अतिथि राजीव अग्रवाल ने जन समुदाय को व्यापार में किस प्रकार उन्नति की जा सकती है व्यापार किस प्रकार से करें एवं स्वच्छता को अपना कर हम अपना व्यापार और कैसे आगे बढ़ा सकते हैं इस को लेकर संदेश दिया। इस अवसर पर नगर परिषद के समस्त पार्षदगण, व्यापारीगण, अतिथि एवं पत्रकार बंधु के साथ ही निकाय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।


### दीवानगंज के पास स्थित बालमपुर में

# चाय-नाश्ते की दुकान में लगी आग, सामान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

दीवानगंज के पास स्थित बालमपुर में अज्ञात कारणों चाय नाश्ते की दुकान में आग लग गई, जिससे दुकान में रखा सामान जलकर खाक हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित बालमपुर गांव के अंदर नरेश प्रजापति की चाय नाश्ते की दुकान है। कुछ दिन पहले भी किसी अज्ञात कारणों से चाय नाश्ते की दुकान में आग लग गई थी, जिसे पूरा सामान जलकर खाक हो गया था। नरेश प्रजापति ने दुकान में पूरा सामान भरकर फिर नाश्ते चाय की दुकान चालू की थी। 15 दिन पश्चात फिर दुकान में अज्ञात कारणों से आधी



रात को आग लग गई, जिससे पूरा सामान जलकर खाक हो गया।

नरेश प्रजापति ने बताया है कि मेरी दुकान में 15 दिन के अंदर दो बार अज्ञात कारणों से आग नहीं लग सकती है। किसी ने मुझसे दुश्मनी के चलते आग लगाई है। घटनास्थल पर सुखी पुलिस पहुंच गई थी जिसकी तहकीकात की जा रही है। वहीं आग लगने के बाद ग्रामीण भी इकट्ठा हो गए।

### खतरनाक मौसम के बावजूद रामलीला देखते रहे बड़ी संख्या दर्शक

# मेघनाद ने मायाजाल से श्रीराम-लक्ष्मण को नागपाश में बांधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रामलीला महोत्सव के चलते शनिवार को रामलीला मैदान में शीत लहर और बारिश के खराब मौसम होने के बावजूद रामलीला का मैदानी मंचन किया गया। प्रस्तुत की गई लीला के अनुसार लंका पति रावण को मंदोदरी बार-बार समझता है और विनय करते हुए कहती है कि है स्वामी भगवान राम जगत के परमात्मा है, आप उनसे क्यों बेर ले रहे हैं। जिस पर रावण मंदोदरी के ऊपर गुस्सा होता है।

इसी बीच इंद्रजीत मेघनाथ के लिए राम लक्ष्मण से फिर युद्ध मैदान के लिए जाने को कहता है मेघनाथ भगवान राम लक्ष्मण से युद्ध करने के लिए चल देते हैं और रामा दल के पास जाकर उन्हें युद्ध के लिए ललकारते हैं उधर से भगवान श्री राम लक्ष्मण और हनुमान जी सेवा के साथ युद्ध मैदान में आते हैं इस दौरान दोनों तरफ से घोर संग्राम मैदान में चलता है परंतु मेघनाथ के पास इतनी मायावी शक्तियां होती हैं। वह तरह-तरह की शक्तियों



का प्रयोग युद्ध मैदान में करता है और अंत में जाकर भगवान राम लक्ष्मण को अपनी मायावी शक्ति के माध्यम से नागपास में बांधकर छोड़ देता है और रावण के पास पहुंचता है। इस खबर को सुनकर रावण भी प्रसन्न होता है और इंद्रजीत मेघनाथ के लिए बधाई देता है।

इधर भगवान राम लक्ष्मण को नागपास में बंधे हुए देखकर श्रीहनुमान महाराज विचार करने लगते हैं तब उन्हें पता चलता है कि इस नागपास को काटने के लिए गरुड़ जी को लाना पड़ेगा तो वह उन्हें लेने के लिए जाते हैं।

इसके पश्चात गरुड़ जी भगवान राम लक्ष्मण के पास आते हैं और अपनी चोच के माध्यम से नागपास को काटकर भगवान राम लक्ष्मण को मुक्त कर देते हैं। इधर रामा दल में खुशहाली छा जाती है और जय श्री राम के नारे गूंज उठते हैं, इस प्रकार से गरुड़ जी ने राम लक्ष्मण को मुक्त कराया।

इधर श्रीराम ने प्रसन्न होकर गरुड़ जी से कहा कि आपको मैं वरदान देता हूं कि जहां-जहां भी संसार में मेरी पूजा होगी आपको सदैव याद किया जाएगा और आपके नाम की गरुण घंटी का उपयोग पूजा के समय किया जाएगा। इस प्रकार से भगवान राम का गरुड़ जी को वरदान प्राप्त हो जाता है।

### आज होगा मेघनाद वध और सती सुलोचना कथा का मंचन

*श्रीरामलीला मेला समिति के मीडिया प्रभारी सीएल गौर ने बताया कि समिति के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को मेघनाथ वध एवं सती सुलोचना कथा के प्रसंग की प्रस्तुति का मैदानी मंचन कलाकारों द्वारा किया जाएगा।*

# अचीवर्स कॉलेज सिरवारा रोड में किया अभाविप की कार्यकारणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

नगर के प्रसिद्ध कॉलेज में शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कार्यकारिणी का गठन करने की घोषणा के बाद विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा था। हर कोई अपने मनपसंद विद्यार्थी को अध्यक्ष उपाध्यक्ष की पद पर देखना चाहता था।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नियम और संस्था के बायोडाटा से विद्यार्थियों को अवगत कराया विद्यार्थी परिषद एक प्रमुख संस्था है जो कॉलेज और स्कूलों में युवाओं का गठन कर उन्हें परिपक्व बनाया जाता है। इसी आधार पर कॉलेज परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की छात्र-छात्राएं ने इस महाकुंभ में भाग लिया और अपने मनपसंद को अध्यक्ष पद पर आसीन किया।




छात्र-छात्राओं की राय मशवरा के बाद अध्यक्ष पद हेतु पवन गुर्जर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। मंत्री पद पर आकाश शर्मा की नियुक्ति की गई, उपाध्यक्ष पद पर माया जाट को सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष बनाया गया। उनकी इस नियुक्ति पर कॉलेज परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखा गया। निर्वाचित पदाधिकारी को पुष्प माला पहनकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।